## जोधपुर में राजस्थान प्रीमियर लीग शुरू

## युवाओं को खेलों से जुड़ने का आकर्षण जगाएगी आरपीएल - राज्यपाल

## खेल विकास और खिलाड़ियों के उत्थान में सरकार प्रतिबद्ध - मुख्यमंत्री

जयपुर/जोधपुर, 27 अगस्त। राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित राजस्थान प्रीमियर लीग जोधपुर में रविवार से बरकतुल्ला खां स्टेडियम में शुरू हुआ। इसका शुभारंभ राज्यपाल श्री कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, ब्राण्ड एम्बेसेडर और देश के लोकप्रिय क्रिकेट खिलाड़ी श्री कपिल देव, राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्री वैभव गहलोत, गायक श्री रवीन्द्र उपाध्याय आदि अतिथियों की उपस्थिति में हुआ।

शुभारंभ समारोह में समारोह में राजस्थान क्रिकेट संघ के पदाधिकारीगण जनप्रतिनिधिगण, क्रिकेट प्रेमी, अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

***राज्यपाल ने किया प्रीमियर लीग ट्राफी का अनावरण***

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रीमियर लीग की ट्रॉफी का अनावरण किया।

***आरसीए अध्यक्ष एवं टीम को दी बधाई***

राजस्थान प्रीमियर लीग के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने इसके आयोजन के लिए आरसीए अध्यक्ष श्री वैभव गहलोत एवं उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए विश्व भर में क्रिकेट की लोकप्रियता का बखान करते हुए कहा कि जब भी क्रिकेट मैच होता है तब जुनून की हद तक डूबकर लोग इसे देखते हैं।

***खेल भावना से व्यक्तित्व विकास***

राज्यपाल ने कहा कि खेलों की यही बड़ी विशेषता है कि वहां हार-जीत प्रमुख नहीं होती बल्कि वहां स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा होती है जिसमें टीम भावना से खेलों की सार्थकता का दिग्दर्शन होता है। खेल व्यक्ति को उदात्त बनाते हुए बल्कि समूह के लिए सोचने को प्रेरित करते हैं।

राज्यपाल ने स्वामी विवेकानन्द के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि युवा अपने जीवन में खेलों और योग को अपनाते हुए शारीरिक सौष्ठव के साथ तन-मन स्वस्थ रखते हुए व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास को सम्बल प्रदान करें और भगवद्गीता के संदेश को आत्मसात करते हुए फल की कामना से परे रहकर समाज-जीवन के हर क्षेत्र में प्रतिबद्धता से कर्म करें।

***युवाओं को आकर्षित करेंगी स्पर्धाएं***

श्री मिश्र ने विश्वास जताया कि राजस्थान प्रीमियर लीग की ये प्रतियोगिताएं राजस्थान में युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए आकर्षित करेंगी।

***योग से युवाओं को जोड़ने के प्रयास हों***

उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि प्रदेश में वे इस तरह के खेलों के प्रोत्साहन के साथ ही भारतीय संस्कृति में समाहित योग से अधिकाधिक युवाओं को जोड़ने के लिए महत प्रयास करें।

***आरपीएल रच रहा नया इतिहास***

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राजस्थान प्रीमियम लीग आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आज सिर्फ इसका शुभारंभ ही नहीं है, बल्कि यह क्षण अपने आप में एक इतिहास रच रहा है, क्योंकि जब कभी आरपीएल का जिक्र होगा तो जोधपुर की धरती ,यहां के बरकतुल्लाह खां स्टेडियम का भी जिक्र होगा।

उन्होंने आयोजन की आशातीत सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पहल से राजस्थान के क्रिकेट प्रेमियों और खेल प्रतिभाओं को एक मंच मिलेगा। इसकी जोधपुर से शुरूआत होना सुखद अनुभूति और विशेष अवसर है।

***प्रदेश सरकार खेल विकास के लिए प्रतिबद्ध***

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खेल प्रतिभाओं के सर्वांगीण उत्थान के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। इसी क्रम में राज्य में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक के बाद अब शहरी ओलंपिक भी आयोजित किया जा रहा है। इन ओलंपिक में हर वर्ग और हर आयु के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

श्री गहलोत ने राजस्थान मिशन 2030 का जिक्र किया और कहा कि राजस्थान प्रदेश आने वाले समय में खेल जगत में एक अलग मुकाम बनाएगा। मुख्यमंत्री ने ब्राण्ड एम्बेसेडर विख्यात क्रिकेटर श्री कपिलदेव को स्मृति चिह्न भेंट किया।

***खेल प्रतिभाओं को मिलेंगे अवसर***

ब्राण्ड एम्बेसेडर और देश के लोकप्रिय क्रिकेट खिलाड़ी श्री कपिल देव ने राजस्थान प्रीमियर लीग आयोजन को आरसीए का बेहतर कदम बताया और कहा कि इस लीग के साथ खेल प्रतिभाओं को नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल को पूरे जोश और खेल भावना से खेलने का आह्वान किया।

---000---